लाडली लक्ष्मी उत्सव

चर्चा में क्यों?

14 अक्तूबर, 2021 को मध्य प्रदेश में राज्यस्तरीय ‘**लाडली लक्ष्मी उत्सव**’ का आयोजन प्रदेश की प्रत्येक आंगनबाड़ी एवं पंचायत भवन में वर्चुअल रूप से किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में लगभग 40 लाख लाडली लक्ष्मी बेटियों को वर्चुअली जोड़ा गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से ‘**लाडली लक्ष्मी उत्सव**’ में प्रदेश की 21 हज़ार 550 लाडलियों के खातों में 5.99 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति का अंतरण किया।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार ने बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्थिति और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से 1 अप्रैल, 2007 को ‘लाडली लक्ष्मी योजना’ लागू की थी।
- योजना के प्रारंभ से अब तक प्रदेश भर की 39.81 लाख बालिकाएँ लाडली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत हो होकर लाभान्वित हो रही हैं।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने **लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 ‘आत्मनिर्भर लाडली’** को प्रारंभ करने की घोषणा की, जिससे प्रदेश की हर बेटी सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेगी।
- इस योजना के तहत स्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाली छात्राओं को 2 साल की शिक्षा पूरी करने के बाद 20 हज़ार रुपए की राशि राज्य सरकार प्रदान करेगी। कॉलेज में दाखिला लेने वाली लाडली लक्ष्मी बेटियों को 25 हज़ार रुपए की राशि दी जाएगी। साथ ही, बेटियों के जन्म की संख्या के आधार पर लाडली लक्ष्मी फ्रेंडली ग्राम पंचायत/ग्राम घोषित करेंगे किये जाएंगे।
- हर सरकारी विद्यालय (सभी कन्या छात्रावासों सहित) में डिजिटल और फाइनेंशियल लिटरेसी केंद्र स्थापित किया जाएगा। प्रत्येक लाडली लक्ष्मी को 18 वर्ष की आयु होने पर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- लाडली लक्ष्मी योजना 2.0 ‘आत्मनिर्भर लाडली’ को बेहतर बनाने के लिये आमजन से सुझाव लेकर योजना में बदलाव भी किये जाएंगे। प्रदेश के हर ज़िले में साल में एक दिन लाडली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ladli-laxmi-utsav